# भारत का विदेश व्यापार: 2009-10 (अप्रैल-नवंबर) *

यह लेख वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय (डीजीसीआइएण्ड एस) द्वारा जारी आंकड़ों के आधार पर अप्रैल-नवंबर 2009 के दौरान भारत के पण्य व्यापार की समीक्षा करता है। 2009 अप्रैल-जून के लिए पण्यवार अलग-अलग ब्यौरों को भी विश्लेषित किया किया गया है।

## मुख्य-मुख्य बातें

- नवंबर 2009 के दौरान 13.2 बिलियन अमरीकी डॉलर के भारत के पण्य निर्यात में नवंबर 2008 में दर्ज 13.5 प्रतिशत की गिरावट की तुलना में 18.2 प्रतिशत दर्ज की गई। पिछले तेरह महीनों में लगातार हो रही गिरावट के पश्चात निर्यात में यह टर्नअराउंड आया है।
- अप्रैल-नवंबर 2009 के दौरान 104.2 बिलियन अमरीकी डॉलर के निर्यात हुए जो कि 2008 की तत्संबंधी अवधि के दौरान हुई 32.7 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 22.4 प्रतिशत की गिरावट दर्शाते हैं।
- तेल से भिन्न आयातों में आई गिरावट के कारण नवंबर 2009 के दौरान 22.9 बिलियन अमरीकी डॉलर के अयातों ने नवंबर 2008 के दौरान हुई 6.3 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 2.6 प्रतिशत की गिरावट दर्शाई। दिसंबर 2008 से यह लगातार बारहवां महीना है जब आयातों ने गिरावट दर्शाई है। नवंबर 2009 के दौरान आयातों में गिरावट की दर अब तक सबसे कम रही है।
- अप्रैल-नवंबर 2009 के दौरान, 170.2 बिलियन अमरीकी डॉलर के आयातों ने एक वर्ष पहले की 43.6 प्रतिशत की उच्च वृद्धि की तुलना में 27.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की।
- अप्रैल-नवंबर 2009 के दौरान 50.1 बिलियन अमरीकी डॉलर के पेट्रोलियम, तेल और चिकनाई (पीओएल) के आयातों ने एक वर्ष पहले की 60.8 प्रतिशत की उच्च वृद्धि की तुलना में 34.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की, जो कि प्रमुख रूप से उस अवधि के दौरान अन्तरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में आई व्यापक गिरावट के कारण थी। अप्रैल-नवंबर 2009 के दौरान

* आर्थिक विश्लेषण और नीति विभाग, अन्तरराष्ट्रीय व्यापार प्रभाग में तैयार किया गया। इस लेख का पिछला संस्करण भारतीय रिजर्व बैंक के जनवरी 2010 के अंक में प्रकाशित किया गया था।

कच्चे तेल के भारतीय बास्केट का औसत मूल्य 66.3 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल रहा (50.1 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल से 77.4 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल के बीच), जो अप्रैल-नवंबर 2008 के 102.3 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल (50.9 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल से 132.5 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल के बीच) की तुलना में 35.2 प्रतिशत कम रहा।

- अप्रैल-नवंबर 2009 के दौरान 120.7 बिलियन अमरीकी डॉलर के गैर पीओएल आयातों ने एक वर्ष पहले की 36.5 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 23.9 प्रतिशत की गिरावट दर्शाई।
- अप्रैल-नवंबर 2009 के दौरान व्यापार घाटा 66.1 बिलियन अमरीकी डॉलर था, जो परिणामतः अप्रैल-नवंबर 2008 के 100.2 बिलियन अमरीकी डॉलर की तुलना में 34.1 बिलियन अमरीकी डॉलर (34.0 प्रतिशत) की गिरावट दर्शाता है, जो कि प्रमुख रूप से तेल आयातों में आई बड़ी गिरावट के कारण था।


## 2009-10 के दौरान भारत का पण्य व्यापार (अप्रैल-नवंबर)

*निर्यात*

नवंबर 2009 के दौरान 13.2 बिलियन अमरीकी डॉलर के भारत के पण्य निर्यात ने नवंबर 2008 में दर्ज 13.5 प्रतिशत की गिरावट की तुलना में 18.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की (विवरण 1)। निर्यातों में आई, गिरावट जो अक्तूबर 2008 से आरंभ हुई, अक्तूबर 2009 तक लगातार तेरह महीनों तक बनी रही। निर्यातों में गिरावट की दरों में जून 2009 से एवं नवंबर 2009 में सतत कमी परिलक्षित हुई, वृद्धि प्रदर्शित करते हुए निर्यात में टर्नअराउंड आया, जो कि माह के दौरान विश्व पण्य मूल्यों में आई वृद्धि के अनुसरण में था। यह प्रवृत्ति निर्यातों में सतत पुनरुत्थान एवं उछाल दर्शाती है (चार्ट 1)। संचयी रूप से, अप्रैल-नवंबर 2009 के दौरान 104.2 बिलियन अमरीकी डॉलर पर निर्यातों ने अप्रैल-नवंबर 2008 के दौरान हुई 32.7 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 22.4 प्रतिशत की गिरावट दर्शाई (सारणी 1 और विवरण 2)।

वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय द्वारा जारी अप्रैल-जून 2009 के निर्यात के पण्य-वार अद्यतन आंकड़ों के अनुसार विनिर्मित वस्तुओं का 70.9 प्रतिशत के साथ सबसे बड़ा हिस्सा है, उसके बाद प्राथमिक उत्पाद (14.4 प्रतिशत) और पेट्रोलियम उत्पाद (12.1 प्रतिशत) का स्थान है। इसके अतिरिक्त पेट्रोलियम उत्पादों के अंश में आई कमी के साथ विनिर्मित माल का अंश बढ़ा है (सारणी 2)।

**चार्ट 1: निर्यात, आयात और व्यापार शेष**



**सारणी 1: भारत का वणिक माल व्यापार : अप्रैल-नवंबर**

(बिलियन अमरीकी डॉलर)

| मदें | 2008-09 सं. | 2009-10 अ |
|---|---|---|
| | अप्रैल-नवंबर | |
| 1 | 2 | 3 |
| **निर्यात** | 134.2<br>(32.7) | 104.2<br>(-22.4) |
| तेल निर्यात | 21.7<br>(25.7) | .. |
| तेल से इतर निर्यात | 112.5<br>(34.1) | .. |
| **आयात** | 234.4<br>(43.6) | 170.2<br>(-27.4) |
| तेल आयात | 76.5<br>(60.8) | 50.1<br>(-34.5) |
| तेल से इतर आयात | 157.8 120.1<br>(36.5) | (-23.9) |
| **व्यापार शेष** | -100.2 | -66.1 |
| तेल व्यापार शेष | -54.8 | .. |
| तेल से इतर व्यापार शेष | -45.3 | .. |

सं.: संशोधित अ.: अनंतिम .. उपलब्ध नहीं

**टिप्पणी** : कोष्ठकों के आंकड़े पिछले वर्ष की संबंधित अवधि की तुलना में प्रतिशत परिवर्तन दर्शाते हैं।

**स्रोत** : वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय तथा वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय के आंकड़ों से संकलित।

अप्रैल-जून 2009 के दौरान सभी प्रमुख पण्य समूहों के निर्यातों में गिरावट आई (विवरण 3)। अप्रैल-जून 2009 के दौरान प्राथमिक उत्पादों के निर्यात में, उसके प्रमुख घटकों में आई गिरावट के कारण, एक साल पहले हुई 72.3 प्रतिशत की उच्च वृद्धि की तुलना में 36.8 प्रतिशत की तेज गिरावट दिखाई दी। प्राथमिक उत्पादों में 3.7 बिलियन अमरीकी डॉलर के कृषिगत और संबंधित उत्पाद निर्यातों ने 34.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की (पिछले वर्ष की तत्संबंधी अवधि के दौरान 95.4 प्रतिशत की वृद्धि)। ऐसा इसके ज्यादातर घटकों में आई गिरावट के कारण था। अयस्क एवं खनिजों के निर्यात में पिछले वर्ष हुई के 34.9 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 41.5 प्रतिशत की गिरावट आई, जो कि प्रमुख रूप से लौह अयस्क में एवं प्रसंस्कृत खनिजों में आई गिरावट के कारण था।

अप्रैल-जून 2009 के दौरान 25.6 बिलियन अमरीकी डॉलर पर विनिर्मित वस्तुओं के निर्यात ने प्रमुख घटकों में आई गिरावट के कारण एक वर्ष पूर्व हुई 58.8 प्रतिशत की उच्च वृद्धि की तुलना में 29.0 प्रतिशत की गिरावट दर्शायी। विनिर्मित वस्तुओं में, 9.4 बिलियन अमरीकी डॉलर पर इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात में, जो भारत के निर्यात की प्रमुख मद है, एक वर्ष पूर्व की 71.6 प्रतिशत की उच्च वृद्धि की तुलना में 31.7 प्रतिशत की गिरावट आई। ऐसा इसके सभी प्रमुख घटकों जैसे कि परिवहन उपस्कर, मशीनरी

**सारणी 2: भारत से मुख्य पण्यों का निर्यात**

(प्रतिशत हिस्सा)

| पण्य / समूह | 2007-08 | 2008-09 | 2008-09 | 2009-10 |
|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल-मार्च | | अप्रैल -जून | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **I. प्राथमिक उत्पाद** | **16.9** | **13.7** | **14.5** | **14.4** |
| कृषि और संबद्ध उत्पाद | 11.3 | 9.5 | 10.2 | 10.4 |
| अयस्क और खनिज | 5.6 | 4.2 | 4.4 | 4.0 |
| **II. विनिर्मित वस्तुएं** | **63.2** | **66.5** | **63.9** | **70.9** |
| चमड़ा और चमड़े के उत्पाद | 2.2 | 1.9 | 1.7 | 1.9 |
| रसायन और संबद्ध उत्पाद | 13.0 | 12.3 | 10.9 | 12.9 |
| इंजीनियरिंग माल | 22.9 | 25.5 | 24.5 | 26.2 |
| वस्त्र और वस्त्र उत्पाद | 11.9 | 10.8 | 9.9 | 11.9 |
| रत्न एवं आभूषण | 12.1 | 15.1 | 16.2 | 17.0 |
| **III. पेट्रोलियम उत्पाद** | **17.4** | **14.5** | **16.3** | **12.1** |
| **IV. अन्य** | **2.5** | **5.3** | **5.3** | **2.6** |
| **कुल निर्यात** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**स्रोतः** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय के आंकड़ों से संकलित।

और इंस्ट्रूमेंट्स, इलेक्ट्रॉनिक माल तथा लोहा और इस्पात में हुई गिरावट के कारण था।

अप्रैल-जून 2009 के दौरान 6.1 बिलियन अमरीकी डालर पर रत्नों तथा आभूषणों के निर्यात में पिछले वर्ष की तत्संबंधी अवधि के दौरान हुई 102.4 प्रतिशत की उच्च वृद्धि की तुलना में 32.7 प्रतिशत की तीव्र गिरावट दर्ज की गई। अप्रैल-जून 2009 के दौरान, 4.7 बिलियन अमरीकी डालर पर रसायन एवं संबंधित उत्पाद निर्यातों ने 23.9 प्रतिशत की गिरावट दर्शायी (अप्रैल-जून 2008 के दौरान 33.6 प्रतिशत की वृद्धि)। रसायन और संबद्ध उत्पादों के निर्यात में आई गिरावट का प्रमुख कारण उनके सबसे बड़े घटक नामतः 'मूल रसायन, फार्मास्यूटिकल्स और कॉस्मेटिक्स' तथा अन्य प्रमुख घटकों के निर्यात में आई कमी है। अप्रैल-जून 2009 के दौरान 4.3 बिलियन अमरीकी डॉलर पर वस्त्र और वस्त्र उत्पाद के निर्यातों ने एक वर्ष पहले की 28.2 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 22.5 प्रतिशत की गिरावट दर्शायी। ऐसा इसके सभी प्रमुख घटकों जैसे कि तैयार वस्त्र मानवनिर्मित धागे, कपड़ों, तैयार कपड़े और सूती धागे, कपड़े और तैयार कपड़ों में गिरावट के कारण हुआ।

अप्रैल-जून 2009 के दौरान 4.4 बिलियन अमरीकी डालर पर पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में पिछले वर्ष के 42.8 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 52.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। यह अप्रैल-जून 2008 की तुलना में अप्रैल-जून 2009 के दौरान तेल की वैश्विक कीमतों में तेजी से आई गिरावट के पश्चात हुआ (चार्ट 3)। इन निर्यातों की मात्रा अप्रैल-जून 2008 में हुई 44.2 प्रतिशत की गिरावट की तुलना में इस अवधि के दौरान 6.0 प्रतिशत घट गई।

गंतव्य-वार, अप्रैल-जून 2009 के दौरान क्षेत्रों के बीच, विकासशील देश और ओईसीडी देश भारत के निर्यात के प्रमुख बाजार थे और कुल निर्यात में इन समूहों का हिस्सा क्रमशः 37.7 और 36.9 प्रतिशत था (सारणी 3)। अन्य प्रमुख हिस्सेदारों में ओपेक का हिस्सा

**सारणी 3: भारत का प्रमुख क्षेत्रों को निर्यात**

(प्रतिशत हिस्सा)

| क्षेत्र / देश | 2007-08 | 2008-09 | 2008-09 | 2009-10 |
|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल-मार्च | | अप्रैल - जून | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **39.5** | **36.9** | **34.8** | **36.9** |
| यूरोपीय संघ | 21.2 | 21.0 | 20.5 | 20.4 |
| उत्तरी अमरीका | 13.5 | 12.1 | 10.6 | 12.1 |
| यू.एस.ए. | 12.7 | 11.3 | 9.9 | 11.4 |
| एशिया और ओशेनिया | 3.2 | 2.5 | 2.2 | 2.9 |
| आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश | 1.6 | 1.4 | 1.6 | 1.5 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन** | **16.6** | **21.0** | **22.0** | **24.1** |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **1.1** | **1.1** | **1.1** | **1.0** |
| **IV. विकासशील देश** | **42.5** | **37.0** | **38.6** | **37.7** |
| एशिया | 31.6 | 27.7 | 29.0 | 28.9 |
| दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (सार्क) | 5.9 | 4.6 | 4.7 | 4.8 |
| एशिया के अन्य विकासशील देश | 25.7 | 23.1 | 24.3 | 24.1 |
| अफ्रीका | 7.5 | 6.2 | 6.8 | 5.9 |
| लैटिन अमरीका | 3.4 | 3.1 | 2.8 | 2.8 |
| **V. अन्य / अविनिर्दिष्ट** | **0.3** | **4.0** | **3.5** | **0.3** |
| **कुल निर्यात** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**स्रोत:** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय के आंकड़ों से संकलित।

24.1 प्रतिशत था। अप्रैल-जून 2009 के दौरान ओईसीडी और ओपेक देशों का अंश बढ़ा, जबकि विकासशील देशों का अंश घटा। देश-वार, यूएई अप्रैल-जून 2009 में भारत का सबसे बड़ा गंतव्य स्थान था, जिसका भारत के कुल निर्यात में 14.0 प्रतिशत का अंश है। इसके बाद यूएस (11.4 प्रतिशत), चीन (5.6 प्रतिशत), सिंगापुर (5.4 प्रतिशत), हांगकांग (3.8 प्रतिशत), यूके (3.7 प्रतिशत), नीदरलैंड्स (3.5 प्रतिशत) और जर्मनी (3.2 प्रतिशत) रहे। अप्रैल-जून 2009 के दौरान भारत के निर्यात की दिशा यह सूचित करती है कि ईयू, ओपेक, और विकासशील देशों जैसे सभी प्रमुख बाजारों के प्रति निर्यात में गिरावट आई (विवरण 4)।

*आयात*

नवंबर 2009 के दौरान 22.9 बिलियन अमरीकी डॉलर पर भारत के आयात में, नवंबर 2008 की 6.3 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले, 2.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। ऐसा तेल से इतर आयातों में आई गिरावट के कारण था, जबकि माह के दौरान तेल आयातों ने वृद्धि दर्शायी जो कि प्रमुख रूप से अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में आई वृद्धि के कारण था (विवरण 1)। आयात में गिरावट, जो दिसंबर 2008 में आरंभ हुई ,अगस्त 2009 से लगातार न्यूनतर दर से हुई और दिसंबर 2008 से आयात में गिरावट की दर नवंबर 2009 में सबसे कम थी (चार्ट 1)। अप्रैल-नवंबर 2009 के दौरान, 170.2 बिलियन अमरीकी डॉलर पर आयातों ने 27.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की (एक वर्ष पहले 43.6 प्रतिशत की वृद्धि) (सारणी 1 और विवरण 2)।

50.1 बिलियन अमरीकी डॉलर पर पीओएल के आयात में, एक वर्ष पहले की 60.8 प्रतिशत की उच्च वृद्धि के विपरीत 34.5 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई । इसका प्रमुख कारण इस अवधि में कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में की गई कटौती है। अप्रैल-नवंबर 2009 के दौरान कच्चे तेल के भारतीय बास्केट का औसत मूल्य 66.3 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल था (50.1 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल से 77.4 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल के दायरे में), जो अप्रैल-नवंबर 2008 के दौरान के 102.3 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल (50.9 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल से 132.5 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल के दायरे में ) से 35.2 प्रतिशत कम था (सारणी 4)। अप्रैल-नवंबर 2009 के दौरान 120.1 बिलियन अमरीकी डॉलर पर गैर-पीओएल आयात ने, अप्रैल-नवंबर 2008 में हुई 36.5 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में, अप्रैल-नवंबर 2009 में 23.9 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की।

अप्रैल-जून 2009 के लिए जारी पण्यवार आयात-आकड़ों से यह प्रतीत होता है कि 16.6 बिलियन अमरीकी डॉलर पर पीओएल के आयात में एक वर्ष पूर्व हुई 74.1 प्रतिशत की उच्च वृद्धि की तुलना में 43.9 प्रतिशत की गिरावट आई, जिसका मुख्य कारण अवधि के दौरान कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में हुई भारी गिरावट था (विवरण 5)। तथापि पीओएल के आयात की मात्रा में 9.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष की 5.2 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में अधिक थी।

**सारणी 4: कच्चे तेल की कीमतों की प्रवृत्तियाँ**

(अमरीकी डॉलर/बैरल)

| वर्ष | दुबई | ब्रेंट | डब्ल्यू टीआइ* | भारतीय बास्केट** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2000-01 | 25.9 | 28.1 | 30.3 | 26.8 |
| 2001-02 | 21.8 | 23.2 | 24.1 | 22.4 |
| 2002-03 | 25.9 | 27.6 | 29.2 | 26.6 |
| 2003-04 | 26.9 | 29.0 | 31.4 | 27.8 |
| 2004-05 | 36.4 | 42.2 | 45.0 | 39.2 |
| 2005-06 | 53.4 | 58.0 | 59.9 | 55.7 |
| 2006-07 | 60.9 | 64.4 | 64.7 | 62.4 |
| 2007-08 | 77.3 | 82.4 | 82.3 | 79.5 |
| 2008-09 | 82.1 | 84.7 | 85.8 | 82.7 |
| नवंबर 2008 | 51.4 | 53.2 | 57.3 | 50.9 |
| नवंबर 2009 | 77.6 | 77.0 | 78.0 | 77.4 |

* पश्चिमी टेक्सास मध्यवर्ती

** 1 अप्रैल 2009 से कच्चे तेल के भारतीय बास्केट का संयोजन साउअर (sour) ग्रेड के लिए ओमान और दुबई औसत और स्वीट ग्रेड के लिए ब्रेंट (दिनांकित) को 63.5:36.5 के अनुपात में दर्शाता है।

**स्रोत:** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी: दिसंबर 2009 के लिए विश्व बैंक पण्य प्राइस पिंक शीट; पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार।

अप्रैल-जून 2009 के दौरान 44.6 बिलियन अमरीकी डालर पर गैर-पीओएल आयात में, 2008 की उसी अवधि में हुई 38.8 की उच्च वृद्धि की तुलना में, 24.5 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। गैर-पीओएल आयातों में मंदी प्रमुखरूप से पूंजीगत माल (अप्रैल-जून 2008 में 60.0 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 24.4 प्रतिशत की गिरावट) मोती, मूल्यवान तथा कम मूल्यवान पत्थर (अप्रैल-जून 2008 के दौरान 145.6 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 49.2 प्रतिशत की गिरावट), सोना एवं चांदी (अप्रैल-जून 2008 के दौरान 9.1 प्रतिशत की गिरावट की तुलना में 14.5 प्रतिशत की गिरावट), रसायन और कोयला, कोक और ब्रिक्वेट्स के आयातों में तेज गिरावट के कारण थी। तथापि खाद्य तेल के आयातों ने व्यापक वृद्धि दर्शायी। अप्रैल-जून 2009 के दौरान पूंजीगत मालों, कोयला, कोक और ब्रिक्वेट्स, सोना एवं चांदी, लोहा एवं इस्पात, कार्बनिक एवं अकार्बनिक रसायन एवं धात्विक अयस्कों और रद्दी धातु का हिस्सा कुल आयात में बढ़ा, जबकि पेट्रोलियम, कच्चे तेल और उत्पादों, उर्वरकों एवं मोतियों, मूल्यवान एवं कम मूल्यवान पत्थरों का हिस्सा कम हुआ (सारणी 5)।

स्रोत-वार, अप्रैल-जून 2009 के दौरान भारत के आयात में ओईसीडी देशों का हिस्सा सबसे अधिक (34.1 प्रतिशत) रहा, जिसके बाद विकासशील देशों (34.0 प्रतिशत) और ओपेक देशों (28.8 प्रतिशत) का स्थान था (सारणी 6)। विकासशील देशों और ओईसीडी देशों का हिस्सा बढ़ा, जबकि ओपेक का हिस्सा इस अवधि के दौरान घटा। देश-वार, कुल आयात में 12.1 प्रतिशत हिस्से के साथ चीन आयात का अकेला सबसे बड़ा स्रोत बना रहा, उसके बाद यूएस (6.3 प्रतिशत), यूएई (5.6 प्रतिशत), सऊदी अरब (5.6 प्रतिशत), आस्ट्रेलिया (5.0 प्रतिशत), ईरान (4.3 प्रतिशत), स्विटज़रलैण्ड (4.2 प्रतिशत) और जर्मनी (3.7 प्रतिशत) का स्थान था । अप्रैल-जून 2009 के दौरान भारत के आयात की दिशा यह सूचित करती है कि ज्यादातर प्रमुख क्षेत्रों से आयात कम हो गया (विवरण 6)।

## व्यापार घाटा

अप्रैल-नवंबर 2009 के दौरान व्यापार घाटा 66.1 बिलियन अमरीकी डॉलर था, जो एक वर्ष पहले के 100.2 बिलियन अमरीकी डॉलर के मुकाबले 34.1 बिलियन अमरीकी डॉलर (34.0 प्रतिशत) कम है जिसका कारण यह है कि इस अवधि के दौरान निर्यात की तुलना में आयात में अपेक्षाकृत अधिक गिरावट आई (विवरण 2 और चार्ट 1)।

**सारणी 5: प्रमुख पण्यों का आयात**

(प्रतिशत हिस्सा)

| पण्य / समूह | 2007-08 | 2008-09 | 2008-09 | 2009-10 |
|---|---|---|---|---|
| | (अप्रैल-मार्च) | | (अप्रैल - जून) | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. पेट्रोलियम, कच्चा तेल और उत्पाद | 31.7 | 30.1 | 33.4 | 27.1 |
| 2. पूंजीगत माल | 27.9 | 23.6 | 22.3 | 24.5 |
| 3. सोना और चांदी | 7.1 | 7.2 | 7.4 | 9.1 |
| 4. कार्बनिक तथा अकार्बनिक रसायन | 3.9 | 4.0 | 4.0 | 4.8 |
| 5. कोयला, कोक और ब्रिकेट आदि | 2.6 | 3.3 | 3.1 | 3.6 |
| 6. उर्वरक | 2.2 | 4.5 | 2.9 | 2.7 |
| 7. धातु अयस्क, धातु स्क्रैप आदि | 3.1 | 2.6 | 2.7 | 2.8 |
| 8. लोहा और इस्पात | 3.5 | 3.1 | 2.7 | 3.0 |
| 9. मोती, मूल्यवान तथा कम मूल्यवान पत्थर | 3.2 | 5.5 | 6.4 | 4.7 |
| 10. अन्य | 14.8 | 16.1 | 15.1 | 17.7 |
| **कुल आयात** | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 |

**स्रोत:** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय के आंकड़ों से संकलित ।

**सारणी 6: भारत के आयात में समूहों /देशों का हिस्सा**

(प्रतिशत हिस्सा)

| समूह/देश | 2007-08 | 2008-09 | 2008-09 | 2009-10 |
|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल-मार्च | | अप्रैल - जून | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **35.4** | **31.7** | **31.2** | **34.1** |
| यूरोपीय संघ | 15.3 | 13.9 | 13.9 | 13.7 |
| फ्रांस | 2.5 | 1.5 | 1.3 | 1.2 |
| जर्मनी | 3.9 | 3.9 | 3.7 | 3.7 |
| यूके | 2.0 | 1.9 | 1.8 | 1.7 |
| उत्तर अमरीका | 9.1 | 6.9 | 5.9 | 6.9 |
| यू.एस.ए. | 8.4 | 6.1 | 5.3 | 6.3 |
| एशिया और ओसेनिया | 5.8 | 6.3 | 5.9 | 7.8 |
| आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश | 5.2 | 4.6 | 5.4 | 5.7 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन** | **30.7** | **32.1** | **35.1** | **28.8** |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **1.5** | **2.2** | **1.6** | **2.4** |
| **IV. विकासशील देश** | **31.5** | **31.9** | **31.6** | **34.0** |
| एशिया | 25.5 | 25.9 | 26.0 | 27.2 |
| दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ | 0.8 | 0.6 | 0.5 | 0.6 |
| अन्य एशियाई विकासशील देश | 24.7 | 25.3 | 25.5 | 26.7 |
| *जिनमें से:* | | | | |
| चीन गणराज्य | 10.8 | 10.6 | 10.9 | 12.1 |
| अफ्रीका | 3.7 | 4.1 | 4.0 | 4.7 |
| लैटिन अमरीका | 2.3 | 1.9 | 1.6 | 2.1 |
| **V. अन्य / अविनिर्दिष्ट** | **0.9** | **2.1** | **0.5** | **0.7** |
| **कुल आयात** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**स्रोत**: वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय के आंकड़ों से संकलित।

अप्रैल-जून 2009 के दौरान तेल के कारण हुआ व्यापार घाटा 12.2 बिलियन अमरीकी डॉलर था जो एक वर्ष पूर्व के 20.4 बिलियन अमरीकी डॉलर के मुकाबले 8.2 बिलियन अमरीकी डॉलर कम था। इस दौरान तेल से इतर खाते के कारण हुआ व्यापार घाटा 12.9 बिलियन अमरीकी डॉलर था जो अप्रैल-जून 2008 के 11.9 बिलियन अमरीकी डॉलर से 1.0 बिलियन अमरीकी डॉलर अधिक था।

## वैश्विक व्यापार

वैश्विक वणिक माल निर्यात में जो वैश्विक आर्थिक संकट के फलस्वरू प नवंबर 2008 से घटना प्रारंभ हुआ, बाद में और भी अधिक बढ़ी हुई दरों पर गिरावट देखी गई। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) की अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी (आइएफएस) से प्राप्त नवीनतम मासिक आंकड़ों के अनुसार, सितंबर 2009 में विश्व निर्यात में गिरावट 16.6 प्रतिशत थी जो अगस्त 2009 की गिरावट से कम थी एवं यह जनवरी 2009 से अब तक सबसे कम थी। यह विश्व पण्य मूल्यों में आ रहे सुधार के अनुरूप था। इस प्रवृत्ति ने यह दर्शाया कि विश्व निर्यात और विकसित अर्थव्यवस्थाओं और उभरती हुई एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के निर्यात 2008 में एक दूसरे के साथ-साथ चले एवं उनकी गिरावट की दरों ने 2009 के दौरान अब तक अभिसरण प्रदर्शित किया है (चार्ट 2)। संचयी रूप से जनवरी-सितंबर 2009 के दौरान, डॉलर के रूप में विश्व पण्य निर्यातों ने एक वर्ष पूर्व की 24.2 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 21.1 प्रतिशत की गिरावट दर्शायी (सारणी 7)। इसी अवधि के दौरान, विकसित अर्थव्यवस्थाओं के निर्यात पिछले वर्ष हुई 19.5 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 28.1 प्रतिशत घट गए और उभरती हुई एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के निर्यात एक वर्ष पहले की 33.1 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 25.7 प्रतिशत घट गए।

**सारणी 7: निर्यात में वृद्धि : वैश्विक परिदृश्य**

(प्रतिशत)


| क्षेत्र / देश | 2007 | 2008 | 2008 | 2009 |
|---|---|---|---|---|
| | जनवरी-दिसंबर | | जनवरी-दिसंबर | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **विश्व** | **14.1** | **15.8** | **24.2** | **-27.1** |
| **उन्नत अर्थव्यवस्थाएं** | **13.5** | **11.0** | **19.5** | **-28.1** |
| यू.एस.ए. | 12.0 | 11.9 | 17.8 | -23.0 |
| फ्रांस | 12.3 | 10.1 | 19.4 | -28.5 |
| जर्मनी | 18.0 | 10.8 | 18.9 | -29.5 |
| जापान | 7.8 | 12.3 | 18.6 | -33.4 |
| **उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं** | **15.3** | **24.6** | **33.1** | **-25.7** |
| सिंगापुर | 10.1 | 13.0 | 22.9 | -28.5 |
| चीन | 25.6 | 17.3 | 22.3 | -21.2 |
| भारत | 23.3 | 29.7 | 33.9 * | -22.8 * |
| इंडोनेशिया | 14.7 | 24.4 | 27.6 | -23.4 |
| कोरिया | 14.1 | 13.6 | 22.6 | -20.9 |
| मलेशिया | 9.6 | 19.1 | 23.3 | -29.5 |
| थाईलैंड | 17.1 | 12.9 | 24.7 | -21.0 |

* : पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि की तुलना में जनवरी-नवंबर।
**स्रोत:** 1. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (www.imfstatistics.org).
2. भारत के लिए वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।


## विश्व पण्य मूल्य

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) की अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी (आइएफएस) के अनुसार विश्व पण्य मूल्य में जो अक्तूबर 2008 से गिरने प्रारंभ हुए थे, आगामी महीनों के दौरान गिरावट की काफी बढ़ी हुई दर परिलक्षित हुई। तथापि, मूल्यों में गिरावट की दर अगस्त 2009 और नवंबर 2009 से धीरे-धीरे मंद पड़ गई, वास्तव में मूल्यों ने 20.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शायी (चार्ट 3)। ऊर्जा, खाद्य पदार्थों और धातुओं की कीमत में क्रमशः 23.5 प्रतिशत, 12.0 प्रतिशत और 22.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

**चार्ट 2: वैश्विक निर्यात वृद्धि की प्रवृत्तियां**




**चार्ट 3:वैश्विक पण्य मूल्य**



**विवरण 1: भारत का विदेश व्यापार - नवंबर 2009**

| वर्ष | निर्यात | | | आयात | | | व्यापार शेष | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| **करोड़ रुपए** | | | | | | | | | |
| 2007-08 | 50,910 | 8,388 | 42,521 | 87,171 | 25,566 | 61,604 | -36,261 | -17,178 | -19,083 |
| | (13.7) | (38.0) | (9.9) | (18.6) | (33.5) | (13.4) | (26.3) | | |
| 2008-09 सं | 54,699 | 6,329 | 48,370 | 115,091 | 29,010 | 86,081 | -60,392 | -22,680 | -37,712 |
| | (7.4) | (-24.5) | (13.8) | (32.0) | (13.5) | (39.7) | (66.5) | | |
| 2009-10 अ | 61,462 | .. | .. | 106,584 | 29,750 | 76,834 | -45,122 | | |
| | (12.4) | | | (-7.4) | (2.6) | (-10.7) | (-25.3) | | |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2007-08 | 12,909 | 2,127 | 10,782 | 22,104 | 6,483 | 15,621 | -9,195 | -4,356 | -4,839 |
| | (29.4) | (56.9) | (25.0) | (34.9) | (51.9) | (29.0) | (43.6) | | |
| 2008-09 सं | 11,163 | 1,292 | 9,871 | 23,488 | 5,954 | 17,534 | -12,325 | -4,662 | -7,663 |
| | (-13.5) | (-39.3) | (-8.4) | (6.3) | (-8.2) | (12.2) | (34.0) | | |
| 2009-10 अ | 13,199 | .. | .. | 22,888 | 6389 | 16,499 | -9,690 | | |
| | (18.2) | | | (-2.6) | (7.3) | (-5.9) | (-21.4) | | |

अः अनंतिम। सः संशोधित। .. अनुलपब्ध ।

**टिप्पणी :** कोष्ठकों के आंकड़े पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ दर्शाते हैं।

**स्रोत :** वाणिज्यिक और उद्योग मंत्रालय, प्रेस विज्ञप्ति।

| विवरण 2: भारत का विदेश व्यापार | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष | निर्यात | | | आयात | | | व्यापार शेष | | |
| | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| **अप्रैल-मार्च** | | | | | | | | | |
| **करोड़ रुपए** | | | | | | | | | |
| 2006-07 | 5,71,779<br>(25.3) | 84,520<br>(64.0) | 4,87,259<br>(20.3) | 8,40,506<br>(27.3) | 2,58,572<br>(32.8) | 5,81,935<br>(24.9) | -2,68,727 | -1,74,052 | -94,675 |
| 2007-08 सं | 6,55,864<br>(14.7) | 1,14,192<br>(35.1) | 5,41,672<br>(11.2) | 10,12,312<br>(20.4) | 3,20,655<br>(24.0) | 6,91,657<br>(18.9) | -3,56,448 | -2,06,463 | -1,49,985 |
| 2008-09 अ | 8,40,755<br>(28.2) | 1,23,398<br>(8.1) | 7,17,357<br>(32.4) | 13,74,436<br>(35.8) | 4,19,946<br>(31.0) | 9,54,490<br>(38.0) | -5,33,680 | -2,96,548 | -2,37,133 |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2006-07 | 126,414<br>(22.6) | 18,635<br>(60.1) | 107,780<br>(17.9) | 185,735<br>(24.5) | 56,945<br>(29.5) | 128,790<br>(22.4) | -59,321<br>(28.7) | -38,311 | -21,010 |
| 2007-08 सं | 162,904<br>(28.9) | 28,363<br>(52.2) | 134,541<br>(24.8) | 251,439<br>(35.4) | 79,645<br>(39.9) | 171,795<br>(33.4) | -88,535<br>(49.2) | -51,281 | -37,254 |
| 2008-09 अ | 185,295<br>(13.7) | 26,830<br>(-5.4) | 158,466<br>(17.8) | 303,696<br>(20.8) | 91,306<br>(14.6) | 212,390<br>(23.6) | -118,401<br>(33.7) | -64476 | -53924 |
| **अप्रैल-नवंबर** | | | | | | | | | |
| **करोड़ रुपए** | | | | | | | | | |
| 2007-08 | 4,09,451<br>(10.2) | 69,888<br>(19.1) | 3,39,563<br>(8.5) | 6,60,740<br>(16.5) | 1,92,985<br>(7.1) | 4,67,755<br>(20.9) | -2,51,289<br>(28.5) | -1,23,096 | -1,28,192 |
| 2008-09 सं | 5,87,904<br>(43.6) | 95,931<br>(37.3) | 4,91,973<br>(44.9) | 10,31,574<br>(56.1) | 3,34,821<br>(73.5) | 6,96,753<br>(49.0) | -4,43,670<br>(76.6) | -2,38,890 | -2,04,780 |
| 2009-10 अ | 5,01,297<br>(-14.7) | .. | .. | 8,19,107<br>(-20.6) | 2,41,105<br>(-28.0) | 5,78,002<br>(-17.0) | -3,17,810<br>(-28.4) | | |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2007-08 | 101,143<br>(24.6) | 17,252<br>(34.8) | 83,891<br>(22.7) | 163,185<br>(31.6) | 47,597<br>(21.0) | 115,588<br>(36.6) | -62,042<br>(45.0) | -30,345 | -31,697 |
| 2008-09 सं | 134,201<br>(32.7) | 21,682<br>(25.7) | 112,519<br>(34.1) | 234,353<br>(43.6) | 76,524<br>(60.8) | 157,829<br>(36.5) | -100,152<br>(61.4) | -54,842 | -45,310 |
| 2009-10 अ | 104,191<br>(-22.4) | .. | .. | 170,245<br>(-27.4) | 50,112<br>(-34.5) | 120,133<br>(-23.9) | -66,054<br>(-34.0) | | |

अः अनंतिम।　　संः संशोधित।　　.. : अनुलपब्ध।

**टिप्पणी :** कोष्ठक के आंकड़े पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ दर्शाते हैं।

**स्रोत :** वाणिज्यिक और उद्योग मंत्रालय, प्रेस विज्ञाप्ति।

## विवरण 3: भारत के निर्यात की प्रमुख वस्तुएं

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| वस्तु / समूह | अप्रैल-जून | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2007-08 | 2008-09 सं | 2009-10 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. प्राथमिक उत्पाद** | **4,757.2** | **8,196.2** | **5,182.7** | **72.3** | **-36.8** |
| | **(13.3)** | **(14.5)** | **(14.4)** | | |
| **अ. कृषि और संबद्ध उत्पाद** | **2,939.5** | **5,744.0** | **3,748.5** | **95.4** | **-34.7** |
| *जिसमें से:* | **(8.2)** | **(10.2)** | **(10.4)** | | |
| 1. चाय | 72.6 | 115.2 | 86.9 | 58.7 | -24.6 |
| 2. कॉफी | 116.8 | 162.4 | 108.8 | 39.0 | -33.0 |
| 3. चावल | 525.0 | 816.3 | 830.5 | 55.5 | 1.7 |
| 4. गेहूँ | 0.0 | 0.0 | 0.0 | - | - |
| 5. अवशिष्ट सहित कच्ची रूई | 116.7 | 356.5 | 212.1 | 205.5 | -40.5 |
| 6. तंबाकू | 105.5 | 174.5 | 210.1 | 65.5 | 20.4 |
| 7. सीएनएसएल सहित काजू | 125.4 | 191.0 | 136.0 | 52.3 | -28.8 |
| 8. मसाले | 235.2 | 422.2 | 265.3 | 79.5 | -37.2 |
| 9. खली | 208.3 | 646.8 | 315.9 | 210.5 | -51.2 |
| 10. समुद्री उत्पाद | 288.5 | 327.0 | 288.8 | 13.3 | -11.7 |
| 11. चीनी और खांडसारी | 325.6 | 582.7 | 7.3 | 79.0 | -98.7 |
| **आ. अयस्क और खनिज** | **1,817.7** | **2,452.1** | **1,434.3** | **34.9** | **-41.5** |
| *जिसमें से:* | **(5.1)** | **(4.4)** | **(4.0)** | | |
| 1. लौह अयस्क | 985.1 | 1,507.7 | 857.5 | 53.0 | -43.1 |
| 2. प्रसंस्कृत खनिज | 320.1 | 416.8 | 283.4 | 30.2 | -32.0 |
| **II. विनिर्मित वस्तुएं** | **22,693.8** | **36,027.0** | **25,590.1** | **58.8** | **-29.0** |
| *जिसमें से:* | **(63.2)** | **(63.9)** | **(70.9)** | | |
| **अ. चमड़ा और उससे बनी वस्तुएं** | **779.9** | **946.4** | **676.2** | **21.4** | **-28.5** |
| **आ. रसायन और संबद्ध उत्पाद** | **4,587.2** | **6,128.4** | **4,666.7** | **33.6** | **-23.9** |
| 1. मूल रसायन, भेषज और प्रसाधन सामग्री | 3,062.0 | 4,143.4 | 3,253.0 | 35.3 | -21.5 |
| 2. प्लास्टिक और लिनोलियम | 755.3 | 890.0 | 639.2 | 17.8 | -28.2 |
| 3. रबड़, कांच, पेंट और एनामेल आदि | 600.1 | 785.6 | 572.4 | 30.9 | -27.1 |
| 4. अवशिष्ट रसायन और संबद्ध उत्पाद | 169.9 | 309.4 | 202.0 | 82.1 | -34.7 |
| **इ. इंजीनियरिंग वस्तुएं** | **8,055.4** | **13,822.7** | **9,437.4** | **71.6** | **-31.7** |
| *जिनमें से:* | | | | | |
| 1. धातुओं से विनिर्मित | 1,335.6 | 1,899.6 | 1,456.3 | 42.2 | -23.3 |
| 2. मशीन और उपकरण | 1,939.9 | 2,963.3 | 2,105.9 | 52.8 | -28.9 |
| 3. परिवहन उपस्कर | 1,615.4 | 3,820.0 | 3,231.4 | 136.5 | -15.4 |
| 4. लोहा और इस्पात | 1,304.8 | 1,797.4 | 543.5 | 37.7 | -69.8 |
| 5. इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं | 724.6 | 1,668.6 | 1,403.3 | 130.3 | -15.9 |
| **ई. वस्त्र और वस्त्र से बने उत्पाद** | **4,341.5** | **5,565.1** | **4,310.2** | **28.2** | **-22.5** |
| 1. सूती धागा, कपड़े, तैयार वस्तुएं आदि | 975.2 | 1,215.6 | 663.3 | 24.7 | -45.4 |
| 2. प्राकृतिक रेशमी धागा, तैयार वस्तुएं इत्यादि (सिल्क अवशिष्ट सहित) | 105.3 | 100.9 | 67.5 | -4.2 | -33.1 |
| 3. कृत्रिम धागा, कपड़े, तैयार वस्तुएं आदि | 575.7 | 879.9 | 760.0 | 52.8 | -13.6 |
| 4. मानव निर्मित स्टेपल फाइबर | 59.8 | 77.6 | 64.0 | 29.8 | -17.5 |
| 5. ऊनी धागा, कपड़ा, उससे बनी तैयार वस्तुएं आदि | 21.9 | 29.2 | 20.8 | 33.4 | -28.8 |
| 6. तैयार कपड़े | 2,295.6 | 2,878.4 | 2,508.2 | 25.4 | -12.9 |
| 7. जूट और जूट से विनिर्मित वस्तुएं | 70.5 | 86.9 | 50.3 | 23.4 | -42.1 |
| 8. कॉयर और कॉयर उत्पाद | 32.5 | 38.5 | 33.9 | 18.8 | -12.0 |
| 9. कार्पेट | 205.2 | 258.0 | 142.2 | 25.7 | -44.9 |
| (क) हस्त निर्मित कार्पेट | 200.8 | 256.1 | 140.1 | 27.5 | -45.3 |
| (ख) मिल में निर्मित कार्पेट | 0.0 | 0.0 | 0.0 | - | - |
| (ग) रेशमी कार्पेट | 4.3 | 1.8 | 2.2 | -57.3 | 17.0 |
| **उ. रत्न और आभूषण** | **4,499.9** | **9,106.5** | **6,124.1** | **102.4** | **-32.7** |
| **ऊ. हस्त शिल्प** | **144.5** | **74.5** | **44.3** | **-48.5** | **-40.5** |
| **III. पेट्रोलियम उत्पाद** | **6,426.5** | **9,178.8** | **4,371.3** | **42.8** | **-52.4** |
| | **(17.9)** | **(16.3)** | **(12.1)** | **-9.0** | **-25.6** |
| **IV. अन्य** | **2,006.1** | **2,948.6** | **935.2** | **47.0** | **-68.3** |
| | **(5.6)** | **(5.2)** | **(2.6)** | | |
| **कुल निर्यात** | **35,883.5** | **56,350.5** | **36,079.3** | **57.0** | **-36.0** |

अ: अनंतिम। सं: संशोधित

**टिप्पणी** : कोष्ठकों के आंकड़े उस अवधि में कुल निर्यात के प्रतिशत से संबंधित है।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 4: भारत के विदेश व्यापार की दिशा - निर्यात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| समूह / देश | अप्रैल-जून | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2007-08 | 2008-09 सं | 2009-10 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **13,881.0** | **19,592.4** | **13,318.4** | **41.1** | **-32.0** |
| **अ यूरोपीय संघ** | **7,339.0** | **11,534.0** | **7,370.0** | **57.2** | **-36.1** |
| *जिनमें से:* | | | | | |
| 1. बेल्जियम | 1,020.8 | 1,336.6 | 758.5 | 30.9 | -43.3 |
| 2. फ्रांस | 551.6 | 908.6 | 683.9 | 64.7 | -24.7 |
| 3. जर्मनी | 1,109.3 | 1,792.2 | 1,156.2 | 61.6 | -35.5 |
| 4. इटली | 925.0 | 1,158.5 | 722.6 | 25.2 | -37.6 |
| 5. नीदरलैंड | 798.6 | 1,887.9 | 1,273.3 | 136.4 | -32.6 |
| 6. यूके | 1,444.1 | 2,014.3 | 1,323.0 | 39.5 | -34.3 |
| **आ उत्तरी अमरीका** | **4,954.8** | **5,946.3** | **4,363.3** | **20.0** | **-26.6** |
| 1. कनाडा | 277.0 | 360.5 | 261.4 | 30.1 | -27.5 |
| 2. यू एस ए | 4,677.8 | 5,585.8 | 4,102.0 | 19.4 | -26.6 |
| **इ एशिया और ओशेनिया** | **1,035.2** | **1,230.0** | **1,058.1** | **18.8** | **-14.0** |
| *जिनमें से:* | | | | | |
| 1. आस्ट्रेलिया | 202.7 | 367.2 | 244.0 | 81.2 | -33.6 |
| 2. जापान | 803.2 | 811.9 | 764.6 | 1.1 | -5.8 |
| **ई आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश** | **552.0** | **882.0** | **526.9** | **59.8** | **-40.3** |
| *जिनमें से:* | | | | | |
| 1. स्विटजरलैंड | 146.9 | 218.7 | 109.6 | 48.8 | -49.9 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन** | **6,501.5** | **12,397.0** | **8,712.1** | **90.7** | **-29.7** |
| *जिनमें से:* | | | | | |
| 1. इंडोनेशिया | 420.9 | 789.2 | 948.1 | 87.5 | 20.1 |
| 2. ईरान | 674.2 | 639.9 | 582.7 | -5.1 | -8.9 |
| 3. इराक | 55.7 | 134.8 | 100.9 | 142.1 | -25.1 |
| 4. कुवैत | 153.3 | 237.4 | 197.9 | 54.8 | -16.6 |
| 5. सऊदी अरब | 826.6 | 1,553.7 | 955.5 | 88.0 | -38.5 |
| 6. संयुक्त अरब अमीरात | 3,804.1 | 8,097.4 | 5,051.5 | 112.9 | -37.6 |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **374.6** | **610.8** | **348.3** | **63.1** | **-43.0** |
| *जिनमें से:* | | | | | |
| 1. रूस | 191.4 | 358.6 | 184.8 | 87.3 | -48.5 |
| **IV. विकासशील देश** | **14,179.4** | **21,754.0** | **13,585.8** | **53.4** | **-37.5** |
| *जिनमें से:* | | | | | |
| **अ. एशिया** | **10,271.0** | **16,349.0** | **10,431.6** | **59.2** | **-36.2** |
| **क दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ** | **1,927.4** | **2,658.4** | **1,721.8** | **37.9** | **-35.2** |
| 1. अफगानिस्तान | 47.7 | 85.4 | 101.1 | 79.0 | 18.4 |
| 2. बांग्लादेश | 475.1 | 813.7 | 444.6 | 71.3 | -45.4 |
| 3. भूटान | 18.3 | 30.5 | 20.0 | 66.9 | -34.5 |
| 4. मालदीव | 17.4 | 28.8 | 18.6 | 66.1 | -35.3 |
| 5. नेपाल | 318.0 | 447.5 | 335.4 | 40.7 | -25.0 |
| 6. पाकिस्तान | 406.5 | 460.0 | 404.3 | 13.2 | -12.1 |
| 7. श्रीलंका | 644.5 | 792.4 | 397.7 | 23.0 | -49.8 |
| **ख अन्य एशियाई विकासशील देश** | **8,343.7** | **13,690.6** | **8,709.8** | **64.1** | **-36.4** |
| *जिनमें से:* | | | | | |
| 1. चीन गणराज्य | 1,926.5 | 2,872.3 | 2,018.8 | 49.1 | -29.7 |
| 2. हांगकांग | 1,289.9 | 1,777.4 | 1,364.3 | 37.8 | -23.2 |
| 3. दक्षिण कोरिया | 517.8 | 978.3 | 536.8 | 88.9 | -45.1 |
| 4. मलेशिया | 377.4 | 829.2 | 684.2 | 119.7 | -17.5 |
| 5. सिंगापुर | 1,625.5 | 3,523.3 | 1,948.2 | 116.8 | -44.7 |
| 6. थाइलैंड | 300.7 | 592.9 | 293.2 | 97.2 | -50.6 |
| **आ. अफ्रीका** | **3,119.8** | **3,836.8** | **2,126.8** | **23.0** | **-44.6** |
| *जिनमें से:* | | | | | |
| 1. बेनिन | 48.9 | 52.5 | 39.2 | 7.4 | -25.4 |
| 2. मिश्र अरब गणराज्य | 283.7 | 704.6 | 270.2 | 148.3 | -61.7 |
| 3. केन्या | 298.5 | 415.0 | 401.0 | 39.0 | -3.4 |
| 4. दक्षिण अफ्रीका | 745.2 | 636.7 | 333.6 | -14.6 | -47.6 |
| 5. सूडान | 78.7 | 132.8 | 101.4 | 68.8 | -23.7 |
| 6. तंजानिया | 105.7 | 346.1 | 191.5 | 227.4 | -44.7 |
| 7. जांबिया | 40.6 | 28.7 | 17.5 | -29.2 | -39.3 |
| **ग. लैटिन अमरीकी देश** | **788.5** | **1,568.2** | **1,027.5** | **98.9** | **-34.5** |
| **V. अन्य** | **860.2** | **136.4** | **Neg.** | **-84.1** | **–** |
| **VI. अविनिर्दिष्ट** | **86.8** | **1,860.1** | **114.8** | **2,041.8** | **-93.8** |
| **कुल निर्यात** | **35,883.5** | **56,350.5** | **36,079.3** | **57.0** | **-36.0** |

अ अनंतिम। सं.: संशोधित न.: नगण्य

**स्रोत:** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 5: भारत के आयात की प्रमुख वस्तुएं

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| वस्तु /समूह | अप्रैल-जून | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2007-08 | 2008-09 सं | 2009-10 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. थोक आयात** | **24,984.6** | **42,259.4** | **24,899.0** | **69.1** | **-41.1** |
| | **(42.0)** | **(47.7)** | **(40.7)** | | |
| **अ. पेट्रोलियम, पेट्रोलियम के उत्पाद और संबद्ध वस्तुए** | **16,996.0** | **29,596.15** | **16,599.55** | **74.1** | **-43.9** |
| | **(28.5)** | **(33.4)** | **(27.1)** | | |
| **आ. थोक उपभोग वस्तुएं** | **993.9** | **917.0** | **1,739.0** | **-7.7** | **89.6** |
| 1. गेहूँ | 12.1 | 0.0 | 0.0 | - | - |
| 2. अनाज और अनाज से निर्मित पदार्थ | 8.8 | 9.5 | 9.6 | 8.6 | 1.3 |
| 3. खाद्य तेल | 684.5 | 614.0 | 1,225.8 | -10.3 | 99.6 |
| 4. दालें | 288.3 | 293.1 | 383.3 | 1.6 | 30.8 |
| 5. चीनी | 0.2 | 0.4 | 120.3 | 133.5 | - |
| **इ. अन्य थोक मदें** | **6,994.7** | **11,746.2** | **6,560.5** | **67.9** | **-44.1** |
| 1. उर्वरक | 720.4 | 2,573.3 | 1,641.4 | 257.2 | -36.2 |
| क) कच्चा तेल | 127.0 | 200.0 | 214.2 | 57.5 | 7.1 |
| ख) सल्फर और अनरोस्टेड आयरन पाइराइट्स | 40.6 | 167.3 | 27.6 | 312.1 | -83.5 |
| ग) विनिर्मित वस्तुएँ | 552.9 | 2,206.1 | 1,399.6 | 299.0 | -36.6 |
| 2. अलौह धातुएं | 766.2 | 3,363.8 | 686.5 | 339.0 | -79.6 |
| 3. कागज, पेपर बोर्ड और न्यूजप्रिंट सहित विनिर्मित वस्तुएं | 332.0 | 461.3 | 317.6 | 39.0 | -31.1 |
| 4. कच्चा रबड़, कृत्रिम और द्वितीय श्रेणी उत्पाद सहित | 181.3 | 283.2 | 210.7 | 56.2 | -25.6 |
| 5. लुगदी और रद्दी कागज | 183.0 | 232.8 | 191.8 | 27.2 | -17.6 |
| 6. धात्विक अयस्क और धातु स्क्रैप | 2,493.7 | 2,394.0 | 1,695.7 | -4.0 | -29.2 |
| 7. लोहा और इस्पात | 2,318.1 | 2,437.7 | 1,816.7 | 5.2 | -25.5 |
| **II. थोक से इतर आयात** | **34,551.5** | **46,403.6** | **36,317.0** | **34.3** | **-21.7** |
| | **(58.0)** | **(52.3)** | **(59.3)** | | |
| **अ. पूंजीगत वस्तुएं** | **12,381.9** | **19,810.8** | **14,985.8** | **60.0** | **-24.4** |
| 1. धातु से निर्मित | 459.8 | 900.3 | 548.1 | 95.8 | -39.1 |
| 2. मशीन औजार | 416.3 | 746.9 | 407.8 | 79.4 | -45.4 |
| 3. इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स को छोड़कर मशीनरी | 4,081.5 | 6,587.4 | 4,920.1 | 61.4 | -25.3 |
| 4. इलेक्ट्रॉनिक्स को छोड़कर इलेक्ट्रिकल मशीनरी | 588.0 | 1,122.9 | 719.0 | 91.0 | -36.0 |
| 5. कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर सहित इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं | 5,029.7 | 6,741.4 | 5,618.1 | 34.0 | -16.7 |
| 6. परिवहन के उपस्कर | 1,488.8 | 2,942.9 | 1,621.1 | 97.7 | -44.9 |
| 7. परियोजना वस्तुएं | 317.8 | 769.1 | 1,151.6 | 142.0 | 49.7 |
| **आ. मुख्यत: निर्यात से संबधित मदें** | **5,342.6** | **10,148.8** | **6,642.4** | **90.0** | **-34.6** |
| 1. मोती, मूल्यवान और कम-मूल्यवान पत्थर | 2,313.1 | 5,681.9 | 2,887.8 | 145.6 | -49.2 |
| 2. रसायन, आर्गेनिक और इनआर्गेनिक | 2,376.4 | 3,584.4 | 2,968.7 | 50.8 | -17.2 |
| 3. टेक्सटाइल यार्न, फैब्रिक आदि | 560.6 | 714.5 | 604.8 | 27.5 | -15.3 |
| 4. काजू, कच्चा माल | 92.5 | 168.0 | 181.1 | 81.5 | 7.8 |
| **ग. अन्य** | **16,827.0** | **16,444.0** | **14,688.8** | **-2.3** | **-10.7** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. सोना और चांदी | 7,176.8 | 6,522.0 | 5,577.5 | -9.1 | -14.5 |
| 2. कृत्रिम रेजिन और प्लास्टिक वस्तुएं | 847.3 | 1,097.0 | 1,259.1 | 29.5 | 14.8 |
| 3. इलेक्ट्रिकल को छोड़कर व्यावसायिक उपकरण | 697.2 | 1,174.7 | 974.9 | 68.5 | -17.0 |
| 4. कोयला, कोक और ब्रिकेट आदि | 1,487.7 | 2,704.9 | 2,212.6 | 81.8 | -18.2 |
| 5. औषधीय और भेषज उत्पाद | 382.7 | 508.8 | 481.8 | 33.0 | -5.3 |
| 6. रासायनिक सामग्री और उत्पाद | 359.5 | 588.4 | 513.4 | 63.7 | -12.7 |
| 7. अधात्विक खनिज विनिर्मित माल | 207.4 | 327.3 | 244.6 | 57.8 | -25.3 |
| **कुल आयात** | **59,536.1** | **88,663.0** | **61,215.9** | **48.9** | **-31.0** |
| *ज्ञापन मदें* | | | | | |
| **तेल से इतर आयात** | **42,540.1** | **59,066.8** | **44,616.4** | **38.8** | **-24.5** |
| **सोने और चांदी को छोड़कर तेल से इतर आयात** | **35,363.2** | **52,544.8** | **39,038.9** | **48.6** | **-25.7** |
| **मुख्यतया औद्योगिक निविष्टियां*** | **33,119.2** | **48,247.0** | **34,925.4** | **45.7** | **-27.6** |

अ: अनंतिम। सं.: संशोधित

* : सोने और चांदी, थोक उपभोग की वस्तुएं, विनिर्मित उर्वरक और व्यावसायिक उपकरण को छोड़कर तेल से इतर आयात।

**टिप्पणी :** कोष्ठक के आंकड़े उस अवधि में कुल आयात के प्रतिशत से संबंधित हैं।

**स्रोत :** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 6: भारत के विदेश व्यापार की दिशा - आयात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| समूह / देश | अप्रैल-जून | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2007-08 | 2008-09 सं | 2009-10 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **19,890.6** | **27,675.5** | **20,892.0** | **39.1** | **-24.5** |
| **अ. यूरोपीय संघ** | **8,100.6** | **12,330.1** | **8,389.8** | **52.2** | **-32.0** |
| *जिनमें से:* | | | | | |
| 1. बेल्जियम | 1,294.8 | 1,973.5 | 1,383.2 | 52.4 | -29.9 |
| 2. फ्रांस | 524.4 | 1,128.0 | 736.5 | 115.1 | -34.7 |
| 3. जर्मनी | 2,180.9 | 3,290.7 | 2,294.3 | 50.9 | -30.3 |
| 4. इटली | 801.4 | 1,550.8 | 820.7 | 93.5 | -47.1 |
| 5. नीदरलैंड | 402.1 | 607.4 | 420.7 | 51.1 | -30.7 |
| 6. यूके | 1,226.0 | 1,602.8 | 1,066.0 | 30.7 | -33.5 |
| **आ. उत्तरी अमरीका** | **3,098.7** | **5,272.5** | **4,254.1** | **70.2** | **-19.3** |
| 1. कनाडा | 337.3 | 608.7 | 422.2 | 80.5 | -30.7 |
| 2. यू एस ए | 2,761.5 | 4,663.8 | 3,832.0 | 68.9 | -17.8 |
| **इ. एशिया और ओशेनिया** | **4,167.4** | **5,248.4** | **4,768.7** | **25.9** | **-9.1** |
| *जिनमें से:* | | | | | |
| 1. आस्ट्रेलिया | 2,586.8 | 2,778.2 | 3,087.6 | 7.4 | 11.1 |
| 2. जापान | 1,493.4 | 2,369.6 | 1,561.5 | 58.7 | -34.1 |
| **ई आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश** | **4,523.8** | **4,824.5** | **3,479.4** | **6.6** | **-27.9** |
| *जिनमें से:* | | | | | |
| 1. स्विटजरलैंड | 4,024.1 | 3,888.3 | 2,587.3 | -3.4 | -33.5 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन** | **17,027.1** | **31,130.0** | **17,636.5** | **82.8** | **-43.3** |
| *जिनमें से:* | | | | | |
| 1. इंडोनेशिया | 1,247.2 | 1,483.1 | 2,099.7 | 18.9 | 41.6 |
| 2. ईरान | 2,426.7 | 3,133.9 | 2,640.1 | 29.1 | -15.8 |
| 3. इराक | 1,476.3 | 2,602.2 | 1,428.8 | 76.3 | -45.1 |
| 4. कुवैत | 1,470.6 | 2,927.9 | 1,888.8 | 99.1 | -35.5 |
| 5. सऊदी अरब | 3,287.0 | 5,483.2 | 3,417.3 | 66.8 | -37.7 |
| 6. संयुक्त अरब अमीरात | 3,408.6 | 10,149.4 | 3,443.4 | 197.8 | -66.1 |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **877.3** | **1,389.8** | **1,469.4** | **58.4** | **5.7** |
| *जिनमें से:* | | | | | |
| 1. रूस | 471.7 | 864.4 | 846.3 | 83.3 | -2.1 |
| **IV. विकासशील देश** | **18,585.2** | **27,998.8** | **20,793.7** | **50.7** | **-25.7** |
| *जिनमें से:* | | | | | |
| **अ. एशिया** | **14,641.4** | **23,030.7** | **16,679.2** | **57.3** | **-27.6** |
| **क दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ** | **402.0** | **464.1** | **360.8** | **15.5** | **-22.3** |
| 1. अफगानिस्तान | 15.1 | 15.3 | 20.6 | 1.4 | 34.4 |
| 2. बांग्लादेश | 75.5 | 80.9 | 55.5 | 7.2 | -31.4 |
| 3. भूटान | 47.0 | 56.8 | 30.6 | 20.9 | -46.2 |
| 4. मालदीव | 1.0 | 1.2 | 0.6 | 24.3 | -50.2 |
| 5. नेपाल | 96.8 | 147.5 | 109.2 | 52.3 | -25.9 |
| 6. पाकिस्तान | 68.9 | 58.9 | 58.4 | -14.5 | -0.9 |
| 7 श्रीलंका | 97.7 | 103.5 | 85.9 | 5.9 | -16.9 |
| **ख अन्य एशियाई विकासशील देश** | **14,239.4** | **22,566.6** | **16,318.4** | **58.5** | **-27.7** |
| *जिनमें से:* | | | | | |
| 1. चीन गणराज्य | 6,094.0 | 9,662.7 | 7,386.5 | 58.6 | -23.6 |
| 2. हांगकांग | 709.6 | 1,507.5 | 960.4 | 112.5 | -36.3 |
| 3. दक्षिण कोरिया | 1,385.2 | 2,104.6 | 1,771.6 | 51.9 | -15.8 |
| 4. मलेशिया | 1,348.6 | 1,940.8 | 1,142.9 | 43.9 | -41.1 |
| 5. सिंगापुर | 1,766.6 | 2,552.3 | 1,797.4 | 44.5 | -29.6 |
| 6. थाइलैंड | 547.2 | 709.0 | 698.8 | 29.6 | -1.4 |
| **आ. अफ्रीका** | **2,566.9** | **3,541.5** | **2,856.8** | **38.0** | **-19.3** |
| *जिनमें से:* | | | | | |
| 1. बेनिन | 30.8 | 64.7 | 85.5 | 110.0 | 32.1 |
| 2. मिश्र अरब गणराज्य | 454.4 | 465.7 | 484.2 | 2.5 | 4.0 |
| 3. केन्या | 17.8 | 24.0 | 26.6 | 35.3 | 10.7 |
| 4. दक्षिण अफ्रीका | 1,009.0 | 1,473.6 | 1,371.7 | 46.1 | -6.9 |
| 5. सूडान | 110.3 | 123.8 | 89.7 | 12.3 | -27.6 |
| 6. तंजानिया | 14.0 | 11.3 | 54.1 | -19.6 | 380.2 |
| 7. जांबिया | 46.9 | 28.1 | 19.7 | -40.2 | -29.8 |
| **ग. लैटिन अमरीकी देश** | **1,376.9** | **1,426.6** | **1,257.7** | **3.6** | **-11.8** |
| **V. अन्य** | **3,014.7** | **18.6** | **33.9** | **-99.4** | **81.8** |
| **VI. अविनिर्दिष्ट** | **141.2** | **450.3** | **390.6** | **218.9** | **-13.3** |
| **कुल आयात** | **59,536.1** | **88,663.0** | **61,215.9** | **48.9** | **-31.0** |

अ: अनंतिम सं.: संशोधित

**स्रोत:** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।